## ग्राम केरपानी में दस्तक अभियान का शुभारंभ



### सीएमएचओ ने किया विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर ने जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण मंगलवार को किया। भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरपानी में पहुंचकर बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान 18 फरवरी से 18 मार्च तक स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित किया जाएगा।

दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत एएनएम, आशा तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण और 6 माह से 5 वर्ष तक के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोंबिनोमीटर द्वारा फालोअप जॉच एवं प्रबंधन करना सुनिश्चित किया जायेगा। अमले द्वारा पिछले दस्तक अभियान में गंभीर बीमारियों से ग्रसित चिन्हांकित किए गए बच्चों का फालोअप करेगी। समुदाय में मिलने वाले बीमार बच्चों की पहचान कर उनका त्वरित उपचार करेगी। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्था में उपचार के लिए रेफर भी करेगी। इसके साथ- साथ 100 दिवस निक्षय अभियान के अंतर्गत ग्रामों में शतप्रतिशत हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की जायेगी। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जायेंगे। भ्रमण के दौरान सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वाली ग्राम केरपानी की हितग्राही आरती पति रामजी चौधरी से बात कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया और उन्हें समझाईश देकर उनकी शिकायत को बंद किया गया। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्र रम्पुरा में आयोजित टीकाकरण सत्र एवं दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में उपलब्ध दवाईयों और प्रसव केन्द्र में हितग्राही को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रिकार्ड संधारण एवं कोल्ड चेन फोकल प्वाईंट में वैक्सीन की उपलब्धता, वितरण व यूविन पोर्टल पर वैक्सीन की डाटा एण्ट्री का निरीक्षण किया। यहां मौजूद सभी अधिकारी- कर्मचारियों को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।भ्रमण के दौरान जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश रघुवंशी, डाटा मैनेजर टीकाकरण गुंजन शर्मा, संबंधित संस्थाओं में पदस्थ अधिकारी- कर्मचारी, एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता कर्मचारी मौजूद थी।

## चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी के चलते मरीज हो रहे परेशान

**गाडरवारा, देशबन्धु ।** शासकीय चिकित्सालय में प्रतिदिन शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ो मरीज उपचार करने आते हैं लेकिन मेडिकल ऑफिसर एवं कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज को उपचार नहीं मिल पा रहा है ।

वर्तमान में चार मेडिकल ऑफिसर है जबकि कम से कम 8 मेडिकल ऑफिसर होने थे । रोजाना कम से कम 700 ओपीडी आती है इस दौरान मरीज भटकते रहते हैं डॉक्टरों की कमी होने के कारण इमरजेंसी ड्यूटी एवं नाइट ड्यूटी के समय मरीज परेशान होते है । डॉक्टरों की कमी के चलते सिहोरा अस्पताल से डॉ जगदीश वर्मा, बोहनी अस्पताल से उपेंद्र सिंघई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेहलाम हुसैन 15 दिन में एक-एक बार रात्रि ड्यूटी कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । कई बार ऐसी




स्थिति निर्मित होती है इन डॉक्टरों के आने में यदि देरी हो जाए इस समय कोई इमरजेंसी मे मरीज आ जाता है तो अस्पताल में अफरा तफरी मच जाती है । जहा एक और डॉक्टरों की कमी वहीं दूसरी ओर स्टाफ की कमी भी परेशानी का सबक बनी हुई है । वर्तमान में कंपाउंडर नहीं है वार्ड बॉय कंपाउंडर की जगह कार्य कर रहे हैं नर्स स्टाफ की भी कमी है । चिकित्सालय में प्रतिदिन उपचार करने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है वही डॉक्टरों की कमी के चलते रोजाना सुबह के समय ओपीडी में हाहाकार मचा रहता है अस्पताल प्रभारी डॉक्टर डीपी पंथी ने डॉक्टरों की कमी को लेकर चिकित्सालय में जो परेशानी हो रही है उसका हवाला देते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित रूप से पत्र प्रेषित कर अवगत कराते हुए गाडरवारा चिकित्सालय में डॉक्टरों की जो कमी है उसकी पूर्ति करने का निवेदन किया है ।

स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह से मांग की है की है की चिकित्सालय में डॉक्टरों व स्टाफ की कमी को शासन स्तर से पूरा कराये । जिससे कि चिकित्सालय में जो परेशानियां हो रही है उससे लोगों को निजात मिल सके ।

## सार-समाचार

### शिकायतों और समस्याओं का किया निराकरण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर वृत अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली बिल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों / समस्याओं के निराकरण के लिये वृत कार्यालय, संभागीय कार्यालय एवं वितरण केन्द्र कार्यालय स्तर पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कुल 28 नंबर जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित किये गये शिविरों में. 96 नंबर शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 88 नंबर शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष 8 नंबर शिकायतों के निराकरण हेतु प्राथमिकता से कार्यवाही की जा रही है अधीक्षण अभिंयता (सं.सं.) वृत नरसिंहपुर द्वारा सम्माननीय उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान समय पर करने का कष्ट करें।

### जनसुनवाई में आये 67 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 18 फरवरी को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 67 आवेदन आये।

### अल्पकालीन लेखा प्रशिक्षण का आयोजन आज से

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये अल्पकालीन लेखा प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में 19 फरवरी से 21 मार्च 2025 तक किया जायेगा। प्रशिक्षण में पूर्व में लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं। पेंशन संबंधी प्रशिक्षण 19 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक के लिए 500 रूपये, अंकेक्षण के लिए प्रशिक्षण 24 फरवरी से 28 फरवरी तक के लिए एक हजार रूपये, भंडार प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण 3 मार्च से 7 मार्च 2025 तक के लिए एक हजार रूपये और कैशियर एवं अकाउंटेंट संबंधी कार्य प्रशिक्षण 10 मार्च से 21 मार्च 2025 तक के लिए दो हजार रूपये प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति, मिलर्स तथा गोदाम संचालकों की बैठक आयोजित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग, मिलर्स एवं गोदाम संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि राशन दुकान तक गुणवत्तायुक्त राशन का स्टॉक पहुंचे यह सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के गोदाम में रखे राशन के गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा गुणवत्ता का प्रतिवेदन भी प्राप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के उपरांत गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सीमा सिन्हा सहित नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं मिलर्स तथा गोदाम संचालक उपस्थित रहें। कलेक्टर ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली को और अधिक सरल एवं सुगम बनाया जाए। उन्होंने सभी मिलर्स एवं गोदाम संचालकों को राशन स्टॉक की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गोदाम में रखे पुराने स्टॉक के संबंध में भी गोदाम संचालकों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने गोदाम संचालकों को निर्देशित किया कि अगर मिलर्स के यहां से गुणवत्ताविहीन राशन गोदाम पर भेजा जाता है तो त्वरित प्रशासन को इस बात की सूचना दी जाए जिससे मिलर्स को गुणवत्ताविहीन राशन वापस भेज कर उसे गुणवत्तायुक्त बनाने की कार्यवाही की जा सके। इस दौरान गोदाम संचालकों द्वारा पुराने बारदाने को जमा कर नए बारदाने अलॉट करने के संबंध में भी कलेक्टर को जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राशन के गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## छात्राओं को दिया गया जूडो कराटे का प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पीएम श्री शासकीय संजय माध्यमिक शाला पुलिस लाइन नरसिंहपुर में महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक 7 माह तक में शाला की 40 छात्राओं ने जूडो कराटे के राष्ट्रीय प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट अशोक नामदेव के मार्गदर्शन में आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीको का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया ।

इनमें प्रमुख रूप से मिडिल पंच, अपर पंच, लोअर पंच, हुक पंच, लोअर ब्लॉक, अपर ब्लॉक, मिडल ब्लॉक, फ्रंट किक, बेक किक, साइड किक, दोनों हाथ की पकड़ छुड़ाना तीन प्रकार से, एक हाथ की पकड़ छुड़ाना तीन प्रकार से, सामने से गला छुड़ाना पांच प्रकार से, पीछे से गला छुड़ाना तीन प्रकार से, फ्रंट चाप, साइड चाप, बैक चाप, स्लम्प्स अटैक, सामने से बाल छुड़ाने की तकनीक, पीछे से बाल छुड़ाने की तकनीक, पीछे से कमर



पकड़ने की छुड़ाने की तकनीक आदि शामिल है ।

प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को चोट ना लगे इसके लिए प्रधान पाठक संजय चौबे के द्वारा विशेष गद्दों की व्यवस्था की गई तथा समय समय पर पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया।प्रशिक्षण प्राप्त करने से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वह विषम परिस्थितियों में स्वयं की तथा अपने साथियों की रक्षा कर सकेंगी । प्रशिक्षण के पश्चात छात्राओं का की प्रैक्टिकल एवं लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर महिला शिक्षिका श्रीमती सिया झरिया एवं मुक्ति राय की विशेष उपस्थिति रही । प्रशिक्षक अशोक नामदेव का प्रधान पाठक संजय चौबे के द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## शिविर में महिलाओं को दी जानकारी, दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत 18 फरवरी को महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बहोरीपार में प्रशिक्षण शिविर लगाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, आशा कार्यकर्त्ता एएनएम सहित ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें उपस्थित जनों को बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। उक्त आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचना, और समाज में उनके प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, एएनएम सहित ग्राम बहोरीपार सहित आसपास के क्षेत्रों से आयी महिला-किशोरियां, पुरूष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचओ डॉ. मनोज डमनेटिया रहे। आयोजित प्रशिक्षण में महिलाओं, किशोरियों को जेंडर के तहत समाज में व्याप्त जाने अनजाने बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव की जानकारी प्रदान की गयी व समाज में व्यावहारिक परिवर्तन हेतु जागरूक करने के लिए



प्रेरित किया गया। बाल संरक्षण विषय पर जेजे एक्ट, पॉस्को एक्ट से परिचय कराते हुए अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने के लिए महिलाओं, पुरूषों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में बताया गया कि पुरूष 21 वर्ष एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह न कराया जाये। विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य इंद्रकुमार गिरी, रंजीता कौरव द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुपरवाईजर ज्योति नौरिया सहित आशा कार्यकर्त्ता, सहायिकाएं रही मौजूद रही।

## तोल कांटे में पकड़ी गई गड़बड़ी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महाकौशल बचई शुगर मिल में तौल कांटे चेकिंग ( जांच ) के दौरान चार तौल कांटों में से एक तौल कांटे में 30 किलो की गड़बड़ी सामने आई जिसे जिला नापतौल अधिकारी रंजीत ढोके द्वारा सत्यापित होने तक सील कर दिया गया है ।

किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी द्वारा यह मांग की गई है कि कॉल करती तोल कांटे में गड़बड़ी पाए जाने पर नाप तौल विभाग द्वारा इसके पूर्व 8 जनवरी को बचई शुगर मिल के तौल कांटे चेक किए गए थे तब से अभी तक उस कांटे से जीतने भी किसानों का तौल कर गन्ना खरीदा गया है उन सभी किसानों को तब से अब तक का 30 किलो का पैसा




जोड़कर दिया जाए, एवं हर वर्ष बचई शुगर मिल के कांटे में गड़बड़ी पाई जाती है, किसानों के साथ धोखा होता है फिर भी मिल प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है । जांच के दौरान जिला अधिकारी रंजीत ढोके एवं किसान मजदूर महासंघ से प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी जिला सदस्य मयंक राय एवं बचई शुगर मिल में उपस्थित किसान एवं बचई शुगर मिल मैनेजर त्रिपाठी सहित अन्य मिल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## बारहा बड़ा में जुआरियों की पौ बारह

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सख्त निर्देश है कि मध्य प्रदेश में कोई भी ऐसी अनैतिक गतिविधि नहीं चलेंगी जिससे समाज में दुराचार फैले लेकिन नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाली चिचली थाने के अंतर्गत बारहा बड़ा में कई महीनो से 52 पत्तों का खेल पुलिस संरक्षण में खेला जा रहा है।

इसमें गोआरी के पास जंगल में शाम 6:00 बजे से जुआरियों का जुटना प्रारंभ हो जाता है जो रात के अंधेरे तक चलता है और कई आसपास क्षेत्र के नामी खिलाड़ी इस खेल में आ रहे हैं और अपनी किस्मत आजमा रहे हैं लेकिन नरसिंहपुर एसपी को इसकी भनक भी नहीं है क्योंकि कुछ पुलिस वालों की मिली भगत से पूरा नरसिंहपुर पुलिस महकमा बदनाम हो रहा है।

सूत्रों के मुताबिक गाडरवारा के कुछ नमी लोग इस खेल को चला रहे हैं वह अपनी राजनीतिक रसूल का गलत फायदा उठाकर यह करवा रहे हैं वहीं कुछ लोगों का कहना तो यहां तक है कि यह बिना राजनीति संरक्षण के इतना बड़ा खेल नहीं चल सकता कहीं ना शहर के सभी पत्रकार इस पर मोन धारण करे हुए हैं कहीं न कहीं इसमें पुलिस प्रशासन एवं राजनीति के बड़े लोग शामिल हैं। जब कहीं जाकर है कई महीनो यह खेला चल रहा है।

जिसमें कई लाखों रुपए रोजाना खेल के माध्यम से इधर-उधर होते हैं वही बारहा के पास लगे जंगल में यह खेल प्रतिदिन रात के समय खेला जाता है और जंगल के आसपास खिलाड़ी अपने वाहनों को खड़े कर कर जंगल में अंदर जाकर इस खेल को बखूबी अंजाम दे रहे हैं कहीं ना कहीं नरसिंहपुर एसपी के लिए यह एक चुनौती है कि इस तरह के कामों को कैसे रोका जा सके क्योंकि उनके ही विभाग के कुछ भ्रष्ट अवसर इसको बढ़ावा दे रहे हैं अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद पुलिस प्रशासन कितना सक्रिय होता है और खिलाड़ी एवं खिलाने वालों पर किस प्रकार की कार्रवाई करता है या फिर इस खबर को पढ़कर पुलिस प्रशासन अपनी आंखें बंद कर लेगा या कोई बड़ी कार्रवाई इन जुआरियों पर करेगा।



## विधायक ने किए पुरस्कार वितरित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत मंगलवार को गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश ने ग्राम भैसा में क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम देगुवा को पुरस्कार दिया। उप विजेता टीम बासनपानी को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर माननीय विधायक महेंद्र नागेश, वरिष्ठ समाजसेवी एवं मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह जी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश पटैल,जनपद सदस्य केहर सिंह पटैल, भैंसा सरपंच फूल सिंह पटैल , पूर्व सरपंच गिरवर सिंह पटैल , मुंआर सरपंच कृष्ण कुमार राजपूत, महेन्द्र सिंह पटैल (झंडी वाले गुंदरई ) राजेश राजपूत एवं क्रिकेट के खेलप्रेमी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ मध्यप्रदेश द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किए । ज्ञापनों में उल्लेख है की 1- गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पचामा गांव के कोटवार मुन्नी वाई मेहरा को शहरी तहसीलदार द्वारा अकारण पद से पृथक कर दिया,कारण यह है के गांव के। दबंगों ने कोटवार परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की



थी जिसकी रिपोर्ट सालीचौका पुलिस स्टेशन में की गई थी,जिसकी सजा श्रीमान तहसीलदार ने विधवा कोटवार को दी 2- कोटवार संघ लगातार प्रशासन से ज्ञापनों के माध्यम से वर्दी की राशि की मांग करता चला आ रहा हैं यह राशि कोटवारों के खाते में डालने के शासन के आदेश है परंतु आज दिनांक 18 फरवरी तक यह राशि नरसिंहपुर जिले के कोटवारों को अप्राप्त है कलेक्टर को इन मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है और शीघ्र न्याय की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश अध्यक्ष लोचन प्रसाद चढ़ार,जिला अध्यक्ष कमलेश मेहरा,जिले के कोटवार पदाधिकारी ,और सैकड़ों की संख्या में कोटवार मौजूद रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए